प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0

(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)

सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0–226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2025/1578 दिनांकः 17 फरवरी, 2025

संशोधित/फाइनल परीक्षा कार्यक्रम

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें एवं में
निर्धारित समस्त परीक्षा केन्द्र/नोडल परीक्षा केन्द्र।

विषयः शैक्षिक सत्र 2024–25 के विषम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों की द्वितीय चरण की दिनांक 18 फरवरी, 2025 से आयोजित होने वाली समस्त विषयों की लिखित परीक्षा को स्थगित करते हुए दिनांक 28 फरवरी, 2025 से आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया विश्वविद्यालय के ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2025/1555 दिनांक 11 फरवरी, 2025 के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयो के द्वितीय चरण की लिखित परीक्षायें दिनांक 18 फरवरी, 2025 से दिनांक 11 मार्च 2025 के मध्य से सम्पन्न कराई जाने की सूचना दी गई थी।

उक्त जारी परीक्षा कार्यक्रम के सम्बन्ध में जनपद प्रयागराज एवं वाराणसी में महाकुम्भ मेला तथा महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था में बदलाव एवं रास्ते बन्द किये जा रहे है, जिसके कारण संस्थानों/परीक्षा केन्द्रों पर छात्र/छात्राओं को आने–जाने मे अत्यधिक कठिनाईयों/असुविधाये होने के दृष्टिगत में संस्थानों द्वारा उक्त परीक्षा को स्थगित किये जाने का अनुरोध किया गया है, जिस पर विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर से संस्थानों के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उक्त लिखित परीक्षायें दिनांक **28 फरवरी, 2025 से दिनांक 22 मार्च, 2025 के मध्य आयोजित कराये जाने हेतु संशोधित एवं फानल परीक्षा कार्यक्रम संलग्नक कर जारी किया जा रहा है।**

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि उक्त सेमेस्टर के द्वितीय चरण की **प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें दिनांक 20 फरवरी, 2025 से दिनांक 27 फरवरी, 2025** के मध्य सम्पन्न कराई जायेगी तथा प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए परीक्षकों की डयूटी की सूची संस्थानों के ई0आर0पी0 लागिन में तथा सम्बन्धित शिक्षकों के लॉगिन में ससमय अपलोड कर दी जायेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए अपने संस्थान के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

17/02/2025

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

संलग्नकः **यथोक्त।**

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक